पुण्यशलोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापुर यूनिवर्सिटी, सोलापुर, महाराष्ट्र के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों का आफरी भ्रमण (दिनांक 16.01.2020)

दिनांक 16.01.2020 को पुण्यशलोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापूर यूनिवर्सिटी, सोलापुर, महाराष्ट्र के पर्यावरण विज्ञान विभाग के M.Sc. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने डॉ. वी.पी. धलप के नेतृत्त्व में शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान का भ्रमण किया | इस भ्रमण कार्यक्रम के तहत विस्तार विभाग के विभागाध्यक्ष श्री रमेश कुमार मालपानी, उप वन संरक्षक ने भ्रमणकारी दल को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संस्थान के कार्य क्षेत्रों की जानकारी दी एवं संस्थान द्वारा विकसित विभिन्न तकनीकों के बारे में अवगत कराया | इसके बाद विद्यार्थियों को संस्थान के विस्तार विभाग की श्रीमती कुसुम परिहार, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने संस्थान के निर्वचन केंद्र का भ्रमण करवाया । यहाँ श्रीमती परिहार ने विद्यार्थियों को संस्थान द्वारा विभिन्न विषयों पर किये गये अनुसन्धान कार्यों की जानकारी यहाँ प्रदर्शित पोस्टरों के माध्यम से दी।

श्री धानाराम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी एवं श्री शैलेन्द्र सिंह राठौड़, सीनियर तकनीशियन ने विद्यार्थियों को परिसर स्थित विभिन्न वृक्ष प्रजातियों तथा उत्तक संवर्धन से विकसित गुग्गल पौधारोपण का भी अवलोकन कराया गया।

तत्पश्चात विद्यार्थियों ने संस्थान के प्रायोगिक एवं उच्च तकनीक पौधशाला का भ्रमण कर पौधशाला प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया। श्री सादुल राम देवड़ा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने विद्यार्थियों को नर्सरी पर मदरबेड, बेड, मिश्रण, कंटेनर, रूट-ट्रेनर, कम्पोस्ट, औषधीय जर्म-प्लाज्म बैंक में औषधीय पौधे से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी।

AFFECTED SOIL FOR ENHANCED PRODUCTIVITY
PREPARATION OF SITE